Seat No. : ______________

# XB-132-H

**T.Y. B.Com.**

**March-2013**

## Management Accounting & Auditing : Paper V

## (Adv. Accounting & Auditing)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**सूचना :** (1) आवश्यक गणनाएँ आपके उत्तर के भागरूप दर्शाइये ।
(2) दाहिनी ओर के अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

### विभाग – I

1. ता. 31-3-2011 और 31-3-2012 को गोपाल लिमिटेड का समराइज्ड आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित हैं : **12**

| दायित्व | 31-3-12 ₹ '000 | 31-3-11 ₹ '000 | सम्पत्तियाँ | 31-3-12 ₹ '000 | 31-3-11 ₹ '000 |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी अंश पूँजी | 700 | 500 | जमीन एवं मकान | 300 | 250 |
| 10% शोधनीय अधिमान अंश पूँजी, सम्पूर्ण भरपाई | 100 | 400 | प्लान्ट एवं यंत्र | 765 | 300 |
| | | | विनियोग | 130 | 100 |
| पूँजी शोधन अनामत | 100 | – | स्टोक | 45 | 160 |
| पूँजी अनामत | 200 | – | लेय विपत्र | 80 | 50 |
| सामान्य अनामत | 50 | 300 | देनदार | 150 | 170 |
| लाभ-हानि खाता | 150 | 100 | रोकड़ एवं बैंक | 370 | 455 |
| 10% ऋणपत्र | 300 | – | प्राथमिक खर्च | 20 | 30 |
| लेनदार | 30 | 80 | विदेशी विनिमय नुकसान | 140 | 65 |
| देय विपत्र | 40 | 30 | | | |
| अदत्त खर्च | 30 | 20 | | | |
| कर का प्रावधान | 150 | 50 | | | |
| सूचित डिविडन्ड | 150 | 100 | | | |
| | **2,000** | **1,580** | | **2,000** | **1,580** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) जमीन का एक टुकड़ा जिसकी कीमत ₹ 1,20,000 थी, वह ₹ 1,50,000 में बेचा गया और बाकी की जमीन का पुन:मूल्यांकन किया गया . पूँजी अनामत खाता जमीन बिक्री और पुन:मूल्यांकन के लाभ से ही बना है ।

(2) ता. 1-4-2011 को एक यंत्र (मूल कीमत ₹ 80,000 और घिसाई बाद कीमत ₹ 40,000) ₹ 1,00,000 में बेचा गया और नये यंत्र की खरीदी के लिए, अंशत: भुगतान के लिए ₹ 2,00,000 के 10% ऋणपत्र सममूल्य पर दिये गये ।

(3) ₹ 40,000 की लागत के विनियोग ₹ 30,000 में बेचे गये ।

(4) विनियोगों की खरीदी पूर्व का डिविडन्ड ₹ 40,000 मिला है, जो विनियोगों की लागत के सामने अपलिखित किया है ।

(5) ₹ 25,000 का विदेशी विनिमय का नुकसान, सामान्य अनामत खाते से अपलिखित किया गया है ।

(6) चालू वर्ष की आयकर की जवाबदारी ₹ 1,30,000 अनुमानित की गयी है ।

(7) प्लान्ट एवं यंत्रों पर 15% घिसाई अपलिखित की जाती है । परंतु जमीन एवं मकान पर घिसाई नहीं लगायी गयी है ।

ता. 31-3-2012 को हिसाबी मानक 3(AS 3) के अनुसार रोकड़ प्रवाह पत्रक तैयार कीजिये और आपके उत्तर के भाग रूप आवश्यक खाते तैयार कीजिये ।

**अथवा**

(a) निम्नलिखित जानकारी पर से व्यवसाय के परिचालन क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिये : **7**

| **विवरण** | **1-4-2011 ₹** | **1-4-2012 ₹** |
|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता | 1,80,000 (उधार.) | 3,66,000 (उधार.) |
| सामान्य अनामत | 50,000 | 80,000 |
| घिसाई फंड खाता | 40,000 | 70,000 |
| अदत्त खर्च | 10,000 | 60,000 |
| ख्याति | 70,000 | 50,000 |
| देनदार | 1,00,000 | 60,000 |
| लेनदार | 1,25,000 | 2,00,000 |

वर्ष दौरान ₹ 50,000 का एक यंत्र, जिस पर ₹ 12,000 की घिसाई अपलिखित की गयी थी, उसे ₹ 55,000 में बेच दिया गया ।

(b) सामान्य माप (common size) के पत्रकों को उदाहरण सहित समझाइये । **5**

2. एक कम्पनी की बही में से निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई है : **11**

| | ₹ |
|---|---|
| शुद्ध लाभ (60% कर घटाने के बाद का) | 4,00,000 |
| प्रारंभिक स्टोक | 4,00,000 |
| अंतिम स्टोक | 2,00,000 |
| इक्विटी अंश पूँजी | 25,00,000 |
| 10% अधिमान अंश पूँजी | 10,00,000 |
| 10% के ऋणपत्र | 4,00,000 |
| 10% दीर्घकालीन लोन | 5,00,000 |
| रोक रखी कमाई | 4,00,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 15,00,000 |
| अवास्तविक सम्पत्तियाँ | 2,00,000 |

(1) देनदार एवं लेनी हुंडी, चालू सम्पत्तियाँ का $\frac{1}{3}$ भाग के हैं ।

(2) कम्पनी का सकल लाभ का गुणोत्तर एवं स्टोक चलन दर क्रमशः 33.333% और 10 है ।

(3) कुल बिक्री का $\frac{3}{5}$ भाग की बिक्री, उदार बिक्री है ।

आप गणना कीजिये :

(1) शुद्ध लाभ गुणोत्तर

(2) संचालन गुणोत्तर

(3) कुल नियोजित पूँजी पर मुआवजा का दर

(4) देनदारो का गुणोत्तर (वर्ष के 360 दिन)

**अथवा**

(a) हिसाबी मानक 20 (AS20) के अनुसार प्रतिअंश कमाई (EPS) समझाइये । **5**

(b) हिसाबी गुणोत्तरों का विश्लेषण एवं अर्थघटन की मर्यादाएँ बताइये । **6**

3. ता. 31-3-2012 को नंद लि. एवं आनंद लि. का आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित है : **12**

| **दायित्व** | **नंद लि. ₹ '000** | **आनंद लि. ₹ '000** | **सम्पत्तियाँ** | **नंद लि. ₹ '000** | **आनंद लि. ₹ '000** |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी अंश पूँजी, प्रति अंश ₹ 100 वाले सम्पूर्ण भरपाई | 1,250 | 900 | स्थिर सम्पत्तियाँ | 1,150 | 650 |
| 10% अधिमान अंश पूँजी, प्रति अंश ₹ 100 वाले सम्पूर्ण भरपाई | 250 | – | चालू सम्पत्तियाँ | 830 | 670 |
| विनियोग बट्टा अनामत | – | 20 | प्राथमिक खर्च | – | 20 |
| निर्यात लाभ अनामत | 60 | 40 | | | |
| सामान्य अनामत | 40 | 90 | | | |
| लाभ-हानि खाता | 150 | 120 | | | |
| 12% के ऋणपत्र, प्रति ₹ 100 वाले | 100 | 70 | | | |
| चालू दायित्व | 130 | 100 | | | |
| | **1,980** | **1,340** | | **1,980** | **1,340** |

नंद लि. एवं आनंद लि. का धंधा निम्नलिखित शर्तों पर लेने के लिए सुनंद लि. की स्थापना की गयी :

(1) सुनंद लि. उपरोक्त दोनों कम्पनियों का धंधा कुल ₹ 27 लाख में ले लेगी । जिसके भुगतान में इक्विटी अंश प्रति ₹ 10 वाले 20% प्रीमियम से देगी ।

(2) नंद लि. एवं आनंद लि. के अंशधारी, अपने अंशों की शुद्ध सम्पत्ति के अनुपात में सुनंद लि. के अंश प्राप्त करेंगे ।

(3) नंद लि. एवं आनंद लि. के ऋणपत्रों के बदले में सुनंद लि. 15% के ₹ 100 वाले ऋणपत्र इतनी संख्या में देगी कि जिससे उनको ब्याज से आय पहले जितनी मिलती थी उतनी ही मिले ।

(4) कानूनी अनामत अभी भी 3 वर्ष और रखनी जरूरी हैं ।

(5) नंद लि. एवं आनंद लि. की स्थिर सम्पत्तियाँ क्रमश: ₹ 12 लाख एवं ₹ 7 लाख आंकी गयी हैं ।

(6) सुनंद लि. संयोजन का खर्च ₹ 10,000 चुकायेगी ।

यदि यह संयोजन विलीनीकरण के स्वरूप का हो, तो तीनों कम्पनियों की बही में जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये एवं सुनंद लि. का नया आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिये ।

**अथवा**

यदि यह संयोजन खरीदी के स्वरूप का हो, तो तीनों कम्पनियों की बही में जर्नल प्रविष्टियाँ लिखकर सुनंद लि. का नया आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिये । **12**

## विभाग – II

4. डिविडन्ड घोषित करना एवं उसका भुगतान करने संबंधी कम्पनी कानून के प्रावधान एवं अंकेक्षक के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिये । **13**

**अथवा**

कम्पनी का अंकेक्षण प्रारंभ करने से पूर्व ध्यान में रखे जाने वाले मुद्दों का वर्णन कीजिये । **13**

5. अन्तर बताइये : **12**

(i) अंकेक्षण रिपोर्ट एवं प्रमाणपत्र

(ii) अंकेक्षण एवं अनुसंधान

**अथवा**

चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल के लिए अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार कीजिये । **12**

6. सही विकल्प का चुनाव कीजिये : **10**

(1) प्रत्येक कम्पनी को निम्नलिखित विषयों से संबंधित योग्य हिसाबी बहियाँ अनिवार्य रूप से रखनी चाहिए :

(i) रोकड़ का प्राप्ति-भुगतान, सम्पत्तियाँ एवं दायित्व

(ii) खरीद और बिक्री

(iii) रोकड़ का प्राप्ति-भुगतान, उपज-खर्च, सम्पत्तियाँ एवं दायित्व

(a) (i) और (ii) दोनों (b) केवल (i)

(c) केवल (iii) (d) केवल (ii)

(2) कम्पनी कानून के प्रावधानों के अनुसार लाभ-हानि खाता की तारीख एवं उसके प्रस्तुत करने की वार्षिक सामान्य सभा की तारीख के बीच समयावधि _______ से बढ़नी नहीं चाहिए ।

(a) 6 मास (b) तीन मास

(c) नौ मास (d) चार मास

(3) नहीं चुकाया डिविडंड, घोषित करने के __________ दिन बाद, उससे संबंधित विशिष्ट नहीं चुकाया डिविडंड खाते में जमा करा देना पड़ता है ।

(a) 30 (b) 42

(c) 37 (d) 60

(4) अंकेक्षक की रिपोर्ट की तारीख ऐसी नहीं होनी चाहिए कि, जिससे

(a) प्रबंध कर्ताओं ने जिस तारीख को हिसाब मंजूर किये हो, उससे पहले की हो ।

(b) संचालक मण्डल की जिस सभा में हिसाब मंजूर किये हो, उसके बाद की हो ।

(c) वार्षिक सामान्य सभा की तारीख ।

(d) (b) और (c) दोनों

(5) कम्पनी कानून के अनुसार अंकेक्षक को सदस्यों को अमुक बाबतों से संबंधित अपना रिपोर्ट देना होता है । जिनमें निम्न में से कौन सी बाबत का समावेश नहीं होता ?

(a) लाभ-हानि खाता के साथ दिया प्रत्येक दस्तावेज ।

(b) आर्थिक चिट्ठा का “भाग हो” अथवा उसके साथ “जोड़ा गया” प्रत्येक दस्तावेज ।

(c) उसके द्वारा जाँच किये हिसाब ।

(d) उसके पद धारण की अवधि दौरान कम्पनी की सामान्य सभा में प्रस्तुत किये लाभ-हानि खाता एवं आर्थिक चिट्ठा ।